तापमान

अधिकतम 21.5 डिग्री
न्यूनतम 0.4 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 15 जनवरी 2026





12 स्कूलों के मुखिया परिणाम की क्वांटिटी ...



12 आस्था की अनोखी परंपरा: माता बाला सुंदरी ...


## खबर संक्षेप

### महिला ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुड्डा सेक्टर निवासी महिला ने एक युवक पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी युवक उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी के हुड्डा निवासी 38 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी आशीष कुमार नामक युवक के साथ जान पहचान थी। आरोपी उस पर गलत नजर रखता था। अगस्त 2024 में आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

### ताला तोड़कर नकदी समेत लाखों के आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी की मनोहर कॉलोनी में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर 28 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी केआभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के लोग किसी काम से बाहर गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी मनोहर कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कॉलोनी में किराये के मकान में रहता है। 12 जनवरी को रात साढ़े 11 बजे वह मकान का ताला लगाकर बाहर गया था। जब लौटा तो अलमारी में रखें 28 हजार रुपए तथा सोने का मंगलसूत्र, सोने की दो अंगूठियां, एक जोड़ी टॉपस, दो जोड़ी चांदी की पाजेब, तीन चांदी के कड़े व अन्य सामान गायब मिला।

### ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स में सलाहकार बने धीमान

**कुरुक्षेत्र।** इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स ने कुरुक्षेत्र निवासी अनिल धीमान को संगठन में राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया है। संस्था द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में अनिल कुमार को देशभर में मानवाधिकारों के संरक्षण, सामाजिक न्याय और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े कार्यों में मार्गदर्शन देने की भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। अनिल धीमान ने संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा और समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए कार्य करना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से इस दायित्व का निर्वहन करेंगे।

### सरस्वती नदी अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस 20 से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हरियाणा सरस्वती हैरिटेज डेवलपमेंट बोर्ड, पंचकुला व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सरस्वती शोध उत्कृष्टता केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में पवित्र नदी सरस्वती को लेकर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन 20 जनवरी से केयू सीनेट हॉल में किया जाएगा।

## अंबाला में लड़की बनकर ठग ने महिला को जाल में फंसाया

# इंस्टाग्राम पर नग्न तस्वीर डालने की धमकी देकर 15 तोले सोना हड़पा

### फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर कई दिनों तक बात करता रहा | लड़की समझकर करती रही बात , निकला लड़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद महिला की नग्न तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर ठग ने 15 तोले सोने के आभूषण हड़प लिए। आरोपी ने पहले महिला को लड़की बनकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। कई दिनों तक बात करता रहा। फिर खुद को लड़का बताकर जाल में फंसा लिया था। बाद में नग्न तस्वीरें व वीडियो वायरल करने की बात कहकर धमकाया था। डर के कारण महिला से 15 तोले सोने के जेवर आरोपी के हवाले कर दिए। अंबाला शहर सेक्टर-9 थाना पुलिस ने आरोपी सहजपाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 4 फरवरी 2025 को हुई थी। 28 अगस्त को फतेहगढ़ साहिब के सहजपाल ने उसे इंस्टाग्राम पर महिला बनकर एक फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। लड़की की फोटो व नाम लगा रखा था। उस समय तो लड़की समझकर बातचीत शुरू हो गई थी। बाद में पता चला कि वो लड़का था।



#### आरोपी ने तंत्र मंत्र से जाल में फंसा लिया

आरोपी ने दोस्ती का झांसा देकर उसे उर्दू का मैसेज भेजा जिसका उसने हिंदी में अनुवाद कर रखा था। आरोपी ने उसे मंत्र को दो तीन बार बोलकर पढ़ने के लिए बोला। महिला आरोपी के कहने पर वैसे-वैसे करती रही। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने झांसे में लेते हुए कहा था कि उसकी राइस मिल में घाटा पड़ गया है।

#### लोन चुकाने के लिए 20 लाख रुपये मांगे

लोन न चुकाने पर सुसाइड करने की बात बोलकर 20 लाख रुपये मांगे थे। बोल रहा था कि अगर आभूषण है तो वो दे दे। जब पैसे देने से मना कर दिया था तो आरोपी ने बोला कि उसके पास नग्न तस्वीरें व वीडियो पड़ी है। अगर सोना नहीं दिया तो वह पति व मायके भेज कर वायरल कर देगा। मैं डर गई और 15 तोले सोने के गहने दे दिया।

#### अश्लील सामग्री का नेटवर्क चलाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री के अवैध कारोबार पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी युवक टेलीग्राम के जरिए बच्चों से जुड़े अश्लील वीडियो और फोटो बेचने का नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान सूरज निवासी विकास नगर पानीपत और आकाश निवासी अंबेडकर नगर यूपी हाल किरायेदार किला पानीपत के रूप में हुई है। जांच में सामने आया कि दोनों की टेलीग्राम आईडी के माध्यम से सक्रिय थे। ये आरोपी पिछले तीन महीनों से इस घिनौने अपराध में संलिप्त थे। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री उपलब्ध कराते थे।

## जिला प्रबंधक बोले जांच के दौरान मिली थीं गंभीर खामियां

# नियम तोड़ रहे सीएससी संचालकों की खैर नहीं, 192 सेंटरों की आईडी लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नियम तोड़ने वाले करीब 200 सीएससी सेंटर संचालकों की आईडी बंद कर दी गई है। सीएससी के जिला प्रबंधक विवेक शर्मा ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों का पालन न करने वाले सीएससी केंद्रों पर कार्रवाई की जा रही है।

इस क्रम में जिला में अब तक कुल 192 सीएससी आईडी को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। जांच के दौरान यह पाया गया कि कई सीएससी केंद्र निर्धारित स्थायी स्थान पर संचालित नहीं हो रहे थे। कुछ केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग, रेट चार्ट, पुलिस वेरिफिकेशन, अधिकृत बैनर एवं आवश्यक दस्तावेजों की अनुपस्थिति पाई गई जोकि सीएससी द्वारा तय नियमों का उल्लंघन है।उन्होंने कहा कि

सीएससी संचालक नियमों का सख्ती से पालन करें

सीएससी का संचालन केवल निर्धारित स्थान, अधिकृत ब्रांडिंग एवं तय मानकों के अनुसार ही किया जाना अनिवार्य है। किसी भी सीएससी केंद्र द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बिना पूर्व सूचना के संबंधित सीएससी आईडी बंद की जा सकती है। इसलिए सभी सीएससी केंद्र संचालक इसके तहत नियमों का पालन करें। वर्तमान में जिले के सभी सीएससी केंद्रों का भौतिक सत्यापन एवं दस्तावेजी जांच लगातार जारी है। प्रशासन का उद्देश्य सीएससी केंद्रों के तहत आम नागरिकों को पारदर्शी, सुरक्षित एवं विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है।

#### बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस एवं आवश्यक अनुमतियां पूर्ण रखें

सभी सीएससी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सीएससी केंद्र का स्थायी संचालन स्थल सुनिश्चित करें, कॉमन सीएससी ब्रांडिंग एवं राज्य सीएससी लोगो सही रूप से प्रदर्शित करें। रेट चार्ट स्पष्ट रूप से केंद्र पर लगाएं। पुलिस वेरिफिकेशन, बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस एवं आवश्यक अनुमतियां पूर्ण रखें। सभी सेवाएं केवल मान्य सीएससी आईडी के माध्यम से ही प्रदान करें। जिन सीएससी आईडी को बंद किया गया है वे सभी निर्धारित नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालना सुनिश्चित करने के बाद जिला प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

## किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद व जुर्माना

**अंबाला।** किशोरी से दुराचार करने वाले मुजरिम को अदालत ने 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। मुजिरम पर दस हजार रुपये जुर्माना भी ठोका गया है। जुर्माने की अदायगी न होने पर अतिरिक्त सजा का प्रावधान रखा गया है। 18 जुलाई 2023 को एक किशोरी ने थाना पड़ाव में दी शिकायत में आरोपी शिवम वासी गुजराती मोहल्ला 12 क्रॉस रोड अंबाला छावनी पर उसे डरा धमका कर दुराचार करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुराचार का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया था तब से मामला विचाराधीन था।

## नशा तस्कर को 8 साल की कैद व 80 हजार जुर्माना

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट एनडीपीएस, योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ चरस की तस्करी के आरोपी अशोक पुत्र रामफल निवासी गांव ठसका जिला सोनीपत को दोषी करार देते हुए 8 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई । वहीं, जज चौधरी की अदालत ने अशोक पर 80 हजार रुपये का जुर्माना किया, नहीं देने पर अशोक को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि अशोक को मादक पदार्थ चरण की तस्करी के आरोप में पुलिस की एंटी नाकोटिक्स विंग ने गिरफ्तार किया था।

## ओलंपियन नवनीत कौर ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# बेटियां खेलों में कर रहीं नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान एवं ओलंपियन खिलाड़ी नवनीत कौर ने भाजपा नेता सुभाष कलसाना के साथ चंडीगढ़ में संत कबीर कुटीर स्तिथ सीएम आवास पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान नवनीत कौर की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों एवं खेल जगत में दिए गए उत्कृष्ट योगदान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भेंट के दौरान सुभाष कलसाना ने मुख्यमंत्री के समक्ष नवनीत कौर को हरियाणा सरकार के प्रतिष्ठित भीम अवार्ड से सम्मानित किए जाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि नवनीत कौर अब तक 210 से अधिक अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेल चुकी हैं। सीएम नायब



**शाहबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह भेंट करते सुभाष कलसाना व नवनीत कौर। फोटो : हरिभूमि

सिंह सैनी ने नवनीत कौर की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां आज खेलों के माध्यम से देश और हरियाणा का नाम रोशन कर रही हैं।

## जुनेवाइल जस्टिस बोर्ड ने हत्यारोपी नाबालिग को छोड़ने के दिए आदेश

**पानीपत।** जुनेवाइल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट पुनित लिम्बा ने जुनाईल बोर्ड में अहम फैसला सुनाते हुए वर्ष 2023 में एक मर्डर के नाबालिग आरोपी ई-रिक्शा चालक को छोड़ने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में तीन लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति की हत्या की थी और मारने के बाद उसका पर्स निकालकर उसमें से एटीएम चुराया और 35 हजार रुपये की शराब खरीदने के साथ-साथ 10 हजार और 20 हजार कैश भी निकलवाए।

# उमरी में गुरु रविदास भवन व म्यूजियम का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा : पंवार

### 5 एकड़ मे 124 करोड़ रुपये से होगा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि उमरी में 124 करोड़ रुपये की लागत से संत शिरोमणि गुरु रविदास भवन व म्यूजियम को बनाया जाएगा, जो संत रविदास के जीवन, शिक्षाओं और भक्ति आंदोलन को समर्पित



होगा। इस परियोजना का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस परियोजना की टेंडर प्रक्रिया चली हुई है, इसके बाद इसे हाई पावर परचेज कमेटी से पास करवाकर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भवन में सबसे ऊपर गुरु रविदास की 38 मीटर की मूर्ति लगाई जाएगी, जो नेशनल हाईवे से आने-जाने वालों को स्पष्ट नजर आएगी। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि 5 एकड़ जगह में 124 करोड़ रुपए की लागत से गुरु रविदास भवन व म्यूजियम का निर्माण करवाया जाए।

# इटली भेजकर वर्क परमिट दिलवाने के नाम पर महिला से हड़पे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

इटली भेजकर वर्क परमिट दिलवाने के नाम पर वीना नगर कैंप निवासी सरोज रानी से 15 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप कॉलोनी के ही कृष्ण लाल व मन्नु शोकते पर लगा है। मन्नू शोकते इटली में रहता है। आरोपियों ने सरोज रानी के बेटे को इटली भेज कर वर्क परमिट पर पक्का करवाने का झांसा दिया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वीना नगर कैंप निवासी सरोज रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले करीब 15-16 वर्षों से अपने घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम करती है। इसी दौरान आरोपी कृष्ण लाल के बच्चे पहले उनके यहां पढ़ते थे, जिस कारण दोनों परिवारों में अच्छी जान-पहचान और घरेलू संबंध बन गए थे। पीड़िता ने बताया कि उसका बेटा अंश सुनेजा बारहवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने पिता के साथ करियाना की दुकान पर हाथ बंटा रहा था। वर्ष 2022 में आरोपी कृष्ण लाल ने उनके बेटे को इटली भेजने और वहां वर्क परमिट पर पक्का कराने का प्रस्ताव रखा। आरोपी ने दावा किया कि उसका बेटा मन्नु शोकते पहले से इटली में है और वहां उसका काम सेट है। आरोप है कि अगस्त 2022 में आरोपियों ने एक लाख रुपये नकद, बेटे का मूल पासपोर्ट दे दिए।

## बुजुर्ग दंपति हत्याकांड में पोते रविंद्र ने उगले कई राज

# दो और गिरफ्तारी, आरोपियों को रिमांड पर लिया

> असंध में दादा-हाथी सिंह व दादी-लीला की हत्या के मामले में पुलिस ने की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

असंध क्षेत्र में बुजुर्ग दंपति हाथी सिंह और उनकी पत्नी लीला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए मृतकों के पोते रविंद्र को मुख्य आरोपी बताया है। पुलिस के अनुसार वारदात के बाद रविंद्र पर शक तब गहराया जब उसके हाथ की उंगली पर ताजा चोट दिखाई दी। पूछताछ में उसने चोट का कारण लकड़ी काटते समय लगना बताया, लेकिन पुलिस को उसके बताए स्थान पर कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले, जिससे शक और पुख्ता हो गया। पुलिस जांच में सामने आया कि रविंद्र के पिता बंसी पर करीब 15 लाख रुपये का कर्ज था, जिसे दादा हाथी सिंह ने करीब डेढ़ साल पहले चुका दिया था। बाद में दादा ने रविंद्र से पैसे लौटाने की मांग की, लेकिन रविंद्र पैसे वापस नहीं करना चाहता था। पुलिस के मुताबिक रविंद्र की मंशा यह भी थी कि दादा-दादी की संपत्ति और घर में रखा लाखों रुपये का सामान उसके कब्जे में आ जाए।

पुलिस के अनुसार रविंद्र उम्र करीब 25 वर्ष है और वह परिवार में बड़ा बेटा है। उसका एक छोटा भाई और बहन भी है तथा तीनों अविवाहित बताए गए हैं। रविंद्र पिछले कुछ वर्षों से भगवा वेश में रहकर लोगों को दवाई आदि भी बांटता था और उसके पास लोगों का आना-जाना लगा रहता था। पुलिस का कहना है कि बाद में वह नशा भी करने लगा था।

जांच में यह भी सामने आया कि रविंद्र अपने लिए एक मंदिर बनाना चाहता था, जिसके लिए उसे जगह की जरूरत थी और उसकी नजर दादा के घर पर थी। पुलिस के मुताबिक इस हत्याकांड से वह तीन लक्ष्य साधना चाहता था।

## मौसमः हाड़तोड़ ठंड से जनजीवन प्रभावित, पारा गिरकर छह डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

### दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन हुए, लेकिन राहत नहीं मिली

# मकर संक्रांति पर्व पर भी कड़ाके की ठंड से राहत नहीं शीतलहर, तेज हवाओं और धुंध के बादल छाए रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मकर संक्रांति पर्व के मौके पर भी जिले में लोग मौसम में बनी कड़ाके की ठंड में ठिठुरते रहे। बुधवार को अल सुबह से लेकर दोपहर तक जिले में घना कोहरा छाए रहने व बर्फीली हवा चलने से लोग बेहाल रहे। वहीं, जिले में दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। जिसकी वजह से मौसं में बनी हाड़तोड़ ठंड से राहत पाने के लिए लोग कहीं अलाव जलाते नजर आए तो कुछ लोगों ने घरों में ही गर्म कपड़ों में बैठकर ठंड से राहत पाने का प्रयास किया। घना कोहरा पड़ने से जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम मात्र छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। बुधवार तड़के दो बजे से ही जिले में घना कोहरा छा गया था और बर्फीली हवा चलने से



**यमुनानगर।** घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

मौसम में कड़ाके की ठंड बन गई थी। सुबह के वक्त लोगों को उम्मीद थी कि मकर संक्रांति पर्व के मौके पर अच्छी धूप निकलेगी। मगर ऐसा नहीं हुआ। मगर संक्रांति पर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही।

#### बाजारों से ग्राहक गायब

जिले में आए दिन घना कोहरा छाए रहने और दिन भर शीतलहर चलने व आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से लोगों के कामधंधे चौपट होने लगे हैं। लोग अपने कामधंधो पर देरी से पहुंच रहे हैं। वहीं, हाड़तोड़ ठंड की वजह से लोग अपने कार्यों को गति नहीं दे रहे हैं। दुकानदारी भी ठंडी चल रही है। दुकानदार साहिल व विनोद ने बताया कि मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रहने से दिन भर बाजारों से ग्राहक गायब होने लगे हैं। कुछ लोग ही मजबूरी वश दोपहर को जब घना कोहरा कम होता है खरीददारी के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि जब से नया साल शुरु हुआ है। तब से मौसम में ठंड कम होने का नाम नहीं ले रही है। यदि मौसम में ठंड इसी तरह बढ़ती रही तो उनकी दुकानदारी ठप होकर रह जाएगी।

#### कुरुक्षेत्रः सर्दी का सितम पाला गिरने से गलन बढ़ी

**कुरुक्षेत्र।** सर्दी का सितम बीते एक सप्ताह से लगातार जारी है। पाला गिरने से गलन बढ़ गई है। घना कोहरा गिरने से राहगीरों को आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। हालांकि दोपहर बाद धूप खिली जिससे लोगों ने राहत महसूस की। फसलों को पाले से बचाने के लिए किसान कई जगह खेतों की मेढ़ पर धुआं करते दिखाई दिए। धर्मनगरी में न्यूनतम और अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# हजारों रुपये की हेरोइन के साथ तीन युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने कलानौर बॉर्डर से कार सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से एक कार में सवार तीन युवक कलानौर बॉर्डर के रास्ते यमुनानगर जिले में नशीला पदार्थ लेकर प्रवेश करेंगे। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई गई और उप निरीक्षक आशीष के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में ओमप्रकाश, एएसआई राजिंदर, जयपाल और पंकज को शामिल किया गया। पुलिस टीम ने कलानौर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद एक संदिग्ध कार आती दिखाई दी, जिसे टीम ने रोककर जांच की। कार में सवार तीन युवकों से पूछताछ



**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी नशा तस्कर।

की गई। तलाशी के दौरान दो आरोपियों के पास से नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस जांच में कार सवार युवकों की पहचान कार मालिक कांसापुर निवासी कासिम उर्फ लाला, सुफियान और अशोक विहार कॉलोनी निवासी मनदीप के रूप में हुई।

## पर्व हमें एकता के सूत्र में बांधने का करते हैं काम: लक्ष्मण दास

# श्रद्धालुओं ने तीर्थ सरोवरों में स्नानकर पूजा अर्चना की और गरीबों को वस्त्र वितरित किए

### भजन संकीर्तन में भजन गायकों ने अपने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




यमुनानगर। कपालमोचन के पवित्र सरोवर में मकर संक्रांति के अवसर पर स्नान करते हुए संत व श्रद्धालु व यमुनानगर में मकर संक्रांति पर हवन यज्ञ करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

मकर संक्रांति का पर्व बुधवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। पर्व के मौके पर जहां मंदिरों में भजन संकीर्तन व भंडारों का आयोजन किया गया। वहीं, पवित्र तीर्थ सरोवरों में श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य कमाया।

बुधवार सुबह होते ही मकर संक्रांति पर्व के मौके पर श्रद्धालुओं ने जिला स्थित कपाल मोचन तीर्थ सरोवरों, यमुना नदी, मुस्तफाबाद सरस्वती व आदिबद्री समेत अन्य तीर्थ सरोवरों में स्नान कर पूजा अर्चना की। वहीं, अधिकांश श्रद्धालुओं ने अपने घरों में सुबह के वक्त स्नान आदि कर पूजा अर्चना की और दान कर पूण्य कमाया। जबकि कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने गरीबों में वस्त्र व अन्य सामान भेंट किया। मकर संक्रांति पर्व के मौके पर बुधवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर मकर सक्रांति के अवसर पर भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। भजन संकीर्तन में भजन गायकों ने अपने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। मौके पर पंडित लक्ष्मण दास ने कहा कि मकर सक्रांति पर्व शांति, सहनशीलता और धन संपन्नता का पर्व है। हिंदु संस्कृति में मकर सक्रांति पर्व का बहुत बड़ा महत्व है। इस पर्व के मौके पर किसी भी वस्तू का दान करने से बड़ा पूण्य मिलता है।

■ मकर संक्रांति पर्व शांति, सहनशीलता और धन संपन्नता का पर्व : लक्ष्मण दास

उन्होंने कहा कि पर्व हमें एकता के सूत्र में बांधने का काम करते हैं। उन्होंने मकर सक्रांति पर्व की सभी को शुभकानाएं दी। मौके पर हलवे का प्रसाद वितरित किया गया

### हवन यज्ञ करके की समृद्धि की कामना

मकर संक्रांति पर्व के मौके पर बुधवार को जिले भर में कई स्थानों पर हवन-यज्ञ करके सुख समृद्धि की कामना की गई। हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। रुप नगर कॉलोनी में आयोजित हवन-यज्ञ में पंडित यशपाल शास्त्री ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व के मौके पर दान, स्नान व हवन-यज्ञ आदि करने का बड़ा महत्व है।

## सुख शांति और भाईचारे की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

कस्बा के गांव लालछप्पर में मकर संक्राति के मौके पर जोगी समाज के के सदस्यों द्वारा गुरु गोरखनाथ मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन करवाया गया। मौके पर खिचड़ी एवं हलवे का भोग लगाकर सभी के लिए सुख शांति व भाईचारे की कामना की गई। मौके पर पूर्व सरपंच मास्टर मलखान सिंह जोगी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

मास्टर मलखानसिंह जोगी ने सभी को मकर संक्रांति से जुड़ी गुरु गोरखनाथ जी की एक पुरानी घटना को बताते हुए कहा कि मकर संक्रांति पर महायोगी गुरु गोरखनाथ जी के दरबार में खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा युगों पुरानी है। परंपरा त्रेता युग से जुड़ी है, जिसका आज भी आस्था और श्रद्धा के साथ निर्वाह किया जा रहा है। नेपाल और देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु गुरु गोरखनाथ जी के दरबार में खिचड़ी चढ़ाने पहुंचते हैं। मान्यता है कि त्रेता युग में गुरु गोरक्षनाथ जी भिक्षा मांगते हुए हिमाचल प्रदेश के कोट कांगड़ा जिले के ज्वाला देवी मंदिर गए थे। जैसे ही देवी ज्वाला को गुरु गोरखनाथ जी दिखे तो ज्वाला देवी स्वयं प्रकट हुई और दोनों ने एक दूसरे को आदेश नमस्कार किया।

स्वयं ज्वाला देवी ने गुरू गोरखनाथ को भोजन के लिए आमंत्रित किया। देवी ने तरह.तरह के व्यंजन तैयार किये और गुरु गोरखनाथ जी ने यह कहकर खाने से इंकार कर दिया कि वे आपके भोजन को ग्रहण नही कर सकते। क्योकि आपके भक्तों द्वारा आपके मंदिर में बलि के नाम पर निर्दोष जीवो की बली चढाई जाती है। मां ज्वाला देवी के काफी निवेदन पर कि आज से मै स्वयं बली प्रथा को बदं कर दूंगी और केवल नारियल की ही भेंट स्वीकार करूगी, आप मेरे मंदिर में प्रवेश करें।



यमुनानगर कस्ब रादौर के गांव लालछप्पर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि




### ढाबा बनाकर अवैध निर्माण करने के आरोप में कई लोगों पर केस

यमुनानगर। गांव बलाचौर में सड़क किनारे अवैध रूप से ढाबे का निर्माण करने के आरोप में पुलिस में आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार हुड्डा कॉम्पलेक्स सेक्टर 21 जगाधरी निवासी राजेश कुमार बताया कि उसे सूचना मिली थी कुछ लोगों द्वारा गांव बलाचौर में अवैध रूप से सड़क किनारे ढाबे का निर्माण किया गया है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान उन्हें पाया कि मार्च 2022 में आरोपी करण सिंह, गुरमेल सिंह, गुरदयाल सिंह, गुड़याल सिंह, गुरलाल सिंह, जरनैल सिंह व जसबीर सिंह ने बलाचौर में अवैध रूप से ढाबे का निर्माण किया है।

#### नोटिस का नहीं दिया जबाव

इस संबंध में आरोपियों को नोटिस भेज कर जवाब मांगा गया मगर आरोपियों ने नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर कस्ब रादौर–जठलाना सड़क मार्ग। फोटो : हरिभूमि

## सड़क मार्ग पर सुरक्षा पट्टी नहीं होने से राहगीर परेशान

रादौर। रादौर-जठलाना सड़क मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सुरक्षा पट्टियां न लगाए जाने से ठंड के मौसम में लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के मौसम में धुंध के चलते सुरक्षा पट्टियां सड़क मार्ग पर न होने से लोगों को भारी परेशानी होती है। लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से रादौर-जठलाना सड़क मार्ग पर सुरक्षा पट्टिया लगाए जाने की मांग की। क्षेत्रवासी कर्ण शर्मा, लालछप्परए नीरज शर्मा, सचिन राणा, बृजपाल राणा, राहुल, संदीप कुमार आदि ने बताया कि सर्दी के मौसम में धुंध जरूर आती है। जिस कारण लोगों को वाहन चलाने में भारी परेशानी होती है। वाहन चालक सुरक्षा पट्टियों के माध्यम से ही धुंध में अपने गणतव्य तक पहुंचने का प्रयास करता है। परंतु रादौर-जठलाना सड़क मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कोई सुरक्षा पट्टियां नहीं बनाई गई है। जिससे ग्रामीणों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त सड़क मार्ग सैंकड़ों गांवों को रादौर से जोडने का काम करता है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से रादौर-जठलाना सड़क मार्ग पर सुरक्षा पट्टियां लगाए जाने की मांग की।

## पारंपरिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सौहार्द व संस्कृति के प्रति हमें बनाते हैं मजबूत : शर्मा

■ जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में उत्साह के साथ मनाया गया लोहड़ी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व उत्साह, उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डा. विवेक शर्मा मुख्यरूप से मौजूद रहे। कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भारतीय त्योहारों की गरिमा को जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरुआत लोहड़ी की पावन अग्नि प्रज्वलन करके की। मौके पर सभी सदस्यों ने अग्नि में रेवड़ी, मूंगफली एवं तिल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में पतंगबाजी प्रतियोगिता का प्रमुख आकर्षण रही। विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. विवेक शर्मा ने सभी को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता व भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। संपूर्ण परिसर उल्लास, ऊर्जा एवं सांस्कृतिक एकता के संदेश से गूंज उठा।



यमुनानगर कस्बा रादौर के जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में लोहड़ी का पर्व मनाते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि



यमुनागर कस्बा रादौर में प्रसाद वितरित करते युवा पंजाबी सभा के सदस्य।

## गाजर के हलवा का प्रसाद बांट सुख शांति की कामना की

रादौर। युवा पंजाबी सभा की ओर से बुधवार को शहर के मेन बाजार में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में गाजर का हलवा का प्रसाद वितरित करके सुख शांति की कामना की गई। कार्यक्रम में जतिन नैयर डायरेक्टर एंड फाउंडर वर्ल्ड करियर काउंसिल मुख्यातिथि मौजूद हुए। लोगों ने युवा पंजाबी सभा के प्रधान कर्ण चानना के नेतृत्व में लोगों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया व अरदास की। इस अवसर पर सभा के प्रधान कर्ण चानना ने बताया कि युवा पंजाबी सभा समय समय पर समाजसेवा से जुड़े कार्य करती रहती है। उनका मानना है कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। लोग भंडारों में एकत्रित होकर अपने लिए तो प्रार्थना करते ही है साथ ही सामाज की सुख शांति के लिए भी अरदास की जाती है। इस अवसर पर प्रधान कर्ण चानना, मुकेश अरोड़ा मक्की, आशु आहुजा, मोनू बतरा, सतविंदर सिंह रिंकू, पार्षद राजीव आर्य सन्नी, अमित कांबोज रादौर व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्याय, समानता और सम्मान की राह पर बढ़ रहा बहुजन समाजः डॉ.निर्मल

■ मायावती बहुजन आंदोलन की नायिका और सामाजिक न्याय की सशक्त प्रहरी : डॉ. निर्मल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को शहर के कैंप में निर्मल अस्पताल के नजदीक स्थित कार्यालय में पार्टी सुप्रिमो बहन मायावती का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लड्डू बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि बहन मायावती के मार्ग दर्शन में आज बहुजन समाज को न्याय, समानता और सम्मान मिल रहा है। बसपा सुप्रिमो ने बहुजन समाज को न्याय, समानता और सम्मान की राह दिखाई है। उन्होंने पार्टी सुप्रिमो बहन मायावती को उनके जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि बसपा की सुप्रिमों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती बहुजन आंदोलन की महान नायिका और सामाजिक न्याय की सशक्त प्रहरी हैं। उन्होंने कहा कि कुमारी बहन मायावती के नेतृत्व में आज प्रदेश समेत देश भर में बसपा का संगठन मजबूत हो रहा है। क्योंकि पार्टी सुप्रिमो बहन कुमारी मायावती ने अपना संपूर्ण जीवन बहुजन समाज के स्वाभिमान, अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु समर्पित कर रखा है। उनके दृढ़ एवं सिद्धांतनिष्ठ नेतृत्व ने वंचित, शोषित और उपेक्षित समाज को आत्मसम्मान, राजनीतिक चेतना और नई दिशा प्रदान की है। बसपा के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं को बसपा सुप्रिमो का जन्मदिन आर्थिक दिवस के रुप में मनाए जाने की अपील की। ताकि बसपा को देशभर में सशक्त बनाया जा सके और बहुजन आंदोलन और अधिक मजबूती के साथ अपने उद्देश्य की ओर अग्रसर हो सके। उन्होंने ईश्वर से कामना करते हुए पार्टी सुप्रिमो बहन कुमारी मायावती के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर ऊर्जा प्रदान करने की मंगल कामना की।



यमुनानगर के आदिबद्री में अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करतीं उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

## अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 19 को

यमुनानगर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 19 जनवरी को आदिबद्री स्थित सरस्वती उद्गम स्थल से अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घघाटन करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त प्रीति ने आदिबद्री में सरस्वती उद्गम स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का शुभारंभ 19 जनवरी को सुबह दस बजे विधिवत रुप से किया जाएगा। इस अवसर पर सरस्वती सरोवर पर हवन यज्ञ, श्लोक उच्चारण व आरती होगी। विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सरस्वती पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मौके पर विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि आदिबद्री में सरस्वती सरोवर पर स्वदेशी थीम पर आधारित सरस मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्वयं सहायता समूह द्वारा लगभग 20 स्टॉल लगाए जाएंगे। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

## सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में भी कॉलेज ने दिया हमेशा योगदानः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जेएन कपूर डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर में कॉलेज का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में डीएवी शिक्षण संस्थाओं के राष्ट्रीय सचिव एमसी शर्मा ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में डीएवी पब्लिक स्कूल के मैनेजर विजय कपूर मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

मुख्यातिथि एवं डीएवी शिक्षण संस्थाओं के राष्ट्रीय सचिव एमसी शर्मा ने कहा कि यमुनानगर में डीएवी डेंटल कालेज की स्थापना 1987 में की गई थी। तब से लेकर अब तक यह कॉलेज दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में भी कॉलेज ने हमेशा उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने मकर संक्रांति व लोहड़ी पर्व की सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. आईं के पंडित ने कहा कि हर वर्ष कॉलेज के स्थापना दिवस को बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाता है।



यमुनानगर के डीएवी डेंटल कॉलेज में स्थापना दिवस पर हवन यज्ञ करते हुए स्टॉफ सदस्य व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

निरीक्षण | मेयर ने सेक्टर 17 में निर्माणाधीन इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन का लिया जायजा

## अब नालों में नहीं बहेगा औद्योगिक इकाइयों का केमिकल युक्त पानी: बहमनी

■ नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने 85 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन आईएसटीपी व आईपीएस का निरीक्षण करने के दौरान दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में निर्माणाधीन आईपीएस का निरीक्षण करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जगाधरी की औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी अब न तो नालों में बहेगा और न ही बिना शोधन के पश्चिमी यमुना नहर में छोड़ा जाएगा। औद्योगिक अपशिष्ट जल के स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा परवालों में 19.5 एमएलडी की क्षमता का इंडस्ट्रियल सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (आईएसटीपी) बनाया जा रहा है। वहीं, सेक्टर 17 में आईपीएस अर्थात इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। आईपीएस के माध्यम से जगाधरी की फैक्ट्रियों के केमिकल युक्त पानी को नाले से टैब करके पाइप लाइन के माध्यम से आईएसटीपी में पहुंचाया जाएगा। उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने बुधवार को पार्षद प्रियंक शर्मा के साथ जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में निर्माणाधीन इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण करते हुए दी।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि पंपिंग स्टेशन से आईएसटीपी तक गंदा पानी पहुंचाने के लिए लगभग छह किलोमीटर पाइप लाइन डाली जाएगी। अमृत योजना के तहत इस पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 85 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना से जगाधरी की औद्योगिक इकाइयों का केमिकल युक्त पानी ट्रीट किया जाएगा। शोधन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मानकों के अनुरूप साफ किया गया पानी ही यमुना नहर में छोड़ा जाएगा।

### जलभराव की समस्या होगी हल

जिससे जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सकेगा। इसके अलावा नालों में फैक्ट्रियों का गंदा पानी नहीं जाने से जलभराव की समस्या का निदान होगा। नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को परियोजना को तय मानकों के अनुरूप समय पर पूरा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट न केवल वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। बल्कि भविष्य में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को देखते हुए इसकी क्षमता भी पर्याप्त रखी गई है। इससे आने वाले वर्षों में भी औद्योगिक अपशिष्ट जल के निस्तारण में कोई परेशानी नहीं होगी। -वैज्ञानिक तरीके से होगा केमिकल युक्त पानी का ट्रीटमेंट। जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सौरव अहलावत ने मेयर सुमन बहमनी को आईएसटीपी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले गंदे पानी को नालों से टैप कर सेक्टर 17 में निर्माणाधीन आईपीएस के माध्यम से सीधे आईएसटीपी तक लाया जाएगा।

## राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

■ युवा कल्याण सेवा समिति ने महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित किया कार्यक्रम

युवा कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार को राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के प्रधान राजीव कुमार ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेने के लिए आहवान किया। मौके पर सफाई अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक साहब सिंह भी मौजूद रहे।

समिति प्रधान राजीव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत देश की साहित्य कला और संस्कृति को विश्व भर में पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश के अध्यात्म से संसार के लोगों को अवगत करवाया।

उन्होंने संसार के लोगों को विश्व भाईचारे का बोध करवाया। मौके पर समिति के जयबीर सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि असधारण व्यक्तित्व के स्वामी युग पुरुष स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मकर संक्रांति स्वास्थ्य और सकारात्मकता का पर्व : प्रो. धीमान

- जिलेभर में मकर संक्रांति पर्व पर हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला भर में मकर संक्रांति पर्व पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवी लोगों ने लंगर लगाया और दान पुण्य किया। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर पारंपरिक रूप से खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को खिचड़ी वितरित की गई। एकादशी को ध्यान में रखते हुए खिचड़ी विशेष रूप से सामक से तैयार की गई,जिससे व्रतधारियों को भी प्रसाद ग्रहण करने में सुविधा हो। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व है, जो स्वास्थ्य, ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आयुष परंपरा में आहार का विशेष महत्व है और व्रत एवं पर्व के अनुसार सात्विक भोजन अपनाना हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।



कुरुक्षेत्र। खिचड़ी वितरित करते कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान।

### ये रहे उपस्थित

सामक से बनी खिचड़ी आयुर्वेदिक दृष्टि से भी सुपाच्य एवं स्वास्थ्यवर्धक है। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डॉ. भीम राव आंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह भी विशेष रूप से पहुंचे। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला, प्रो. मनोज तंवर, प्रो. रविंद्र अरोड़ा, प्रो. सीमा रानी, प्रो. सुनीति तंवर, उप कुलसचिव विकास शर्मा व अतुल गोयल, डॉ. सुमन, डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. जोरावर सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

### उप कार्यालय वैदिक धाम पर किया हवन

कुरुक्षेत्र। मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के कुरुक्षेत्र सैक्टर-17 स्थित उप कार्यालय वैदिक धाम पर विशेष हवन-यज्ञ किया गया जिसमें सभा प्रधान धर्मवीर आर्य मुख्य यजमान रहे जबकि उनके साथ सभा के मंत्री विजयपाल आर्य, कोषाध्यक्ष मोहित आर्य, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य लेखा अधिकारी अनिल कुमार, वेद प्रचार विभाग के वरिष्ठ भजनोपदेशक जयपाल आर्य, जसविन्द्र आर्य, विशाल आर्य, आर्यमित्र आर्य संजय आर्य, बलदेव राज सहित सैक्टर-17 आर्य समाज मार्किट के दुकानदारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यज्ञ ब्रह्मा आर्यसमाज सेवा सदन के पुरोहित मोहन लाल आर्य रहे जिन्होंने बड़ी ही तन्मयता से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर यज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञोपरान्त सभा प्रधान धर्मवीर आर्य व मंत्री विजयपाल आर्य ने आए हुए सभी दुकानदारों व अन्य महानुभावों को मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी।





कुरुक्षेत्र। महिलाओं को सम्मानित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने महिलाओं बूस्टर किट बांटे

कुरुक्षेत्र। सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में धर्मनगरी में महिलाओं को बूस्टर किट प्रदान की गई। साथ ही समाजसेवी भीम मित्तल व बंसी मित्तल द्वारा ब्रैड पकौड़े, चाय व हलवे के विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की। उन्होने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूर्य देव के उत्तरायण होने पर उजाले में वृद्धि के प्रतीक पर्व 'मकर संक्रान्ति' पर सभी का जीवन प्रकाशमान हों। ट्रस्ट ने अपनी को-स्पोंसर कंपनी डाबर के सहयोग से जरूरतमंद महिलाओं को इम्यूनिटी बूस्टर किट दी। इस दौरान आने जाने वाले सभी लोगों व साधू-संतों मे ब्रैड पकौड़े, चाय वितरित की गई। समाजसेवी भीम मित्तल व बंसी मित्तल ने कहा कि सेवा ट्रस्ट टीम द्वारा हमेशा ही सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लिया जाता है। वे जन कल्याण के बहुत ही सहरानीय कार्य कर रहे है। होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर व सेवा ट्रस्ट के संगठन सचिव रविंद्र शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

## खबर संक्षेप

### चंद्र प्रताप राठौड़ थानेसर हलका अध्यक्ष नियुक्त

कुरुक्षेत्र। जननायक जनता पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए हरियाणा के 12 जिलों में 45 हलका अध्यक्ष घोषित किए है। वहीं थानेसर में चंद्र प्रताप सिंह राठौड़ को हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया। राठौड़ ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय चौटाला, पूर्व उपमुखमंत्री हरियाणा दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला, युवा जिला प्रभारी व पूर्व प्रत्याशी सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ व युवा जिला अध्यक्ष राजेश पायलट समेत सभी पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं का आभार व्यक्त किया।

### मिशन संगम का किया शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु संघ हिमाचल के जोनल कॉर्डिनेटर और श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने लोहड़ी के पावन अवसर पर समर्थगुरु धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने मिशन संगम, मिशन ऋषिकेश और मिशन ध्यानाचार्य का शुभारम्भ किया। उन्होंने संदेश दिया कि सनातन धर्म ही नित नित नूतन है। ध्यान, योग और ओंकार सभी के लिए आवश्यक है। भगवान शिव मुख्य प्रस्तोता है। महात्मा बुद्ध ने ध्यान, महर्षि पतंजलि ने समाधि, गुरु गोरखनाथ ने सुमिरन, भगवान कृष्ण ने साक्षी की साधना प्रदान की।

## पीपली पैराकीट में बैठक, विकास एवं पंचायत मंत्री ने दी जानकारी

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर होगा राज्य स्तरीय समारोह : पंवार

31 जनवरी को होगा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित होने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती भव्य और विशाल होगी। हरियाणा सरकार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती को पूरे श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाएगी। उन्होंने बताया कि गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय समारोह 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र जिले के उमरी में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार स्वयं करेंगे। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बुधवार को कुरुक्षेत्र के पीपली पैराकीट में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता भी मौजूद रहे। बैठक में बाद विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों, विधायकों, अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ-साथ प्रदेशभर के सामाजिक, धार्मिक संगठनों और आम नागरिकों को भी इस समारोह में भाग लेने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा, ताकि गुरु रविदास के विचारों और संदेशों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाया जा सके।



कुरुक्षेत्र। पीपली पैराकीट में आयोजित बैठक को संबोधित करते विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

### प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचेंगे लोग

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास किसी एक समाज के संत नहीं थे, वो समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण व उत्थान के लिए कार्य करने वाले रहे हैं। ऐसे महान संत की 649वीं जयंती पर आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में प्रदेश के कोने-कोने से सभी समाज के लोग पहुंचेंगे। इसके साथ ही अन्य प्रदेशों से प्रमुख संत समाज व बुद्धिजीवी भी समारोह में हिस्सा लेंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल व पार्किंग को लेकर विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। यातायात में किसी भी व्यक्ति को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हाईवे नजदीक होने के चलते सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही पार्किंग स्थल कार्यक्रम के नजदीक बनाया जाए, ताकि लोगों को पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।

### 17 को भाजपा कार्यालय में होगी बैठक

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649 वीं जयंती पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुरुक्षेत्र जिला भाजपा कार्यालय में 17 जनवरी को एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में भाजपा एससी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी हिस्सा लेगी। इस बैठक में प्रत्येक जिले से लोगों के पहुंचने के लिए व्यवस्था व कार्यक्रम की अन्य जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य, एसडीएम लाडवा अनुभव मेहता, डीएमसी अमन कुमार, जिला परिषद सीईओ शंभू राठी, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, सरपंच एसोसिएशन के प्रदेश प्रधान जितेंद्र खैरा, एससी मोर्चा के जिला प्रधान विशाल सौदा, उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, भाजपा नेता मलकीत ढांडा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व अधिकारीगण मौजूद रहे।

## डीटीपी की टीम ने गांव बाहरी और इशरगढ़ में की कार्रवाई

# दो अवैध कालोनियों में निर्माण को किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के दो जगहों पर लगभग 5.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी व इशरगढ़ के पास 5.5 एकड़ में पनप रही दो अवैध कॉलोनियों को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने कुरुक्षेत्र में गांव बाहरी में 2.5 एकड़ और गांव इशरगढ़ में 3 एकड़ की अवैध कॉलोनियों में बनी कच्चा रोड, नेटवर्क, डीपीसी और चारदीवारी सहित अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया।

### किया था जारी नोटिस, फिर भी नहीं रोका निर्माण

जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में 2.5 एकड़ व गांव इशरगढ़ में 3 एकड़ में पनप रही दो अवैध कॉलोनियों के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

# श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी में मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं की आस्था कड़ाके की सर्दी पर भारी रही। मकर संक्रांति के चलते बुधवार सुबह चार डिग्री न्यूनतम तापमान और कंपकंपाती ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने तीर्थ स्थलों में स्नान किया। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने ब्रह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर पर स्नान के साथ-साथ पूजा अर्चना भी की। लोगों ने चावल, दाल, खिचड़ी, गुड़, तिल और गर्म कपड़ों का दान किया तो कुछ लोग गाय को चारा खिलाकर दान पुण्य कमा रहे थे। जबकि धर्मनगरी के मंदिरों, मठों और धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही लोग काफी संख्या में पहुंच कर हवन और पूजा में भाग ले रहे थे। बता दें कि सूर्य की उपासना से भगवान नारायण प्रसन्न होते हैं।



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर पर मौजूद श्रद्धालु।

### बुराइयों के अंत और पुण्य फल प्राप्ति का महापर्व

हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर उनके सिरों को मंदार पर्वत में दबाकर युद्ध की समाप्ति की थी। इसलिए मकर संक्रांति के दिन को बुराइयों और नकारात्मकता को समाप्त करने का दिन भी कहा जाता हैं। शास्त्रों के अनुसार दान और कर्म से जुड़े कार्य करने से विशेष फल प्राप्त होता है। इसके अलावा गंगासागर में स्नान करने का इसका विशेष महत्व हैं। इसके अलावा तिल का दान करने से शनि दोष खत्म होता है तो वहीं तांबे के लौटे से सूर्य भगवान को अर्घ्य देने से पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होती ही है, साथ ही शारीरिक और अध्यात्मिक शक्तियों का भी विकास होता है।

## शामलात भूमि पर बने मकानों को नियमित करवाने के लिए कल तक करें आवेदन

- हजारों परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि उपमंडल लाडवा के गांवों में शामलात भूमि पर वर्षों से बने मकानों में रह रहे पात्र लोगों को 16 जनवरी, 2026 तक आवेदन करने का अवसर दिया गया है। जिला प्रशासन ने 31 मार्च, 2004 या उससे पहले शामलात भूमि पर बने अवैध मकानों के नियमितीकरण को लेकर पूरी प्रक्रिया की स्पष्ट समय-सीमा तय कर दी है। इस फैसले की मांग लोग लंबे समय से कर रहे थे और अब सरकार की इस योजना से जिला के हजारों परिवारों को लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन से लेकर रजिस्ट्री तक हर स्तर पर अधिकारियों के लिए निश्चित समय-सीमा तय की गई है, ताकि पात्र लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और प्रक्रिया बिना देरी के पूरी हो सके। उन्होंने बताया कि सभी बी.डी.पी.ओ., ग्राम सचिवों और सरपंचों को बताया गया है कि केवल वही मकान नियमितीकरण के दायरे में आएंगे, जो 31 मार्च, 2004 से पहले शामलात भूमि पर बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि पात्र लोगों को 16 जनवरी, 2026 तक आवेदन करने का अवसर दिया गया है।



राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान का शुभारंभ

# पुराने तिरंगों को एकत्रित कर नए स्वरूप में बदला जाएगा: जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सांसद एवं फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल की पहल और मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान 2026 की औपचारिक शुरूआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ स्वयं सांसद नवीन जिन्दल ने करते हुए कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की अस्मिता, गौरव और एकता का प्रतीक है, जिसका सम्मान हर नागरिक का कर्तव्य है। इस अभियान का उद्देश्य देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और उसके सही उपयोग के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से शुरूआत करते हुए हरियाणा और उसके बाद पूरे देश में पुराने, क्षतिग्रस्त और खंडित हो चुके राष्ट्रीय ध्वज एकत्र किए जाएंगे। इन तिरंगों को विधिसम्मत, सम्मानजनक और पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रिया के माध्यम से नए स्वरूप में बदला जाएगा, ताकि राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा हर स्तर पर बनी रहे। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने देश में पहली बार यह अभिनव पहल शुरू की है, जिसके माध्यम से पुराने तिरंगों को सम्मानपूर्वक नवीन स्वरूप दिया जाएगा। यह अभियान न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान को बढ़ाएगा, बल्कि नागरिकों में जिम्मेदारी और राष्ट्रीय गौरव की भावना को भी सुदृढ़ करेगा।



कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते सांसद नवीन जिंदल।



लाडवा। हवन यज्ञ करते समिति के सदस्य।

### संजय गांधी स्कूल में करवाया हवन

लाडवा। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरनाम सिंह एस.एच.ओ. लाडवा की गरिमामयी उपस्थिति रही। हवन का विधिवत आयोजन आचार्य विक्रम सिंह जी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पवित्र आहुतियों के साथ किया गया। इस अवसर पर शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं सर्वजन कल्याण की कामना की गई। मकर संक्रांति नव वर्ष आरंभ, सकारात्मकता एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पवन गर्ग, सचिव रविंदर बंसल, एस.जी.एम.पी. स्कूल, लाडवा के प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, आई.जी.एन. कॉलेज, लाडवा के प्रधानाचार्य डॉ. कुशल पाल तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक चेतना, एकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों से ओत-प्रोत रहा।

कार्यक्रम | अग्रवाल वैश्य समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त डीजीपी अजय सिंघल से की मुलाकात

# राज्य के व्यापारियों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था व संवाद को लेकर हुई चर्चा

पुलिस कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने और संगठित अपराध पर सख्ती से कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध : सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने चंडीगढ़ से लौटने के बाद कुरुक्षेत्र में बताया कि बुधवार को अग्रवाल वैश्य समाज का एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के नेतृत्व में हरियाणा के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल से मिला तथा उनका अभिनंदन किया। सिंगला ने बताया कि इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात में प्रदेश की कानून व्यवस्था, व्यापारियों की सुरक्षा, सामाजिक सहभागिता, प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।



कुरुक्षेत्र। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के नवनियुक्त डीजीपी अजय सिंघल से मुलाकात करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद सिगला, उपाध्यक्ष डा. विकास गुप्ता, प्रदेश संगठन सचिव मुनीष मित्तल, अमरनाथ गुप्ता, अतुल गर्ग, युवा प्रदेशाध्यक्ष हिंमाशु गोयल, पंजाब प्रभारी राजेश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, तरसेम बंसल, ललित बंसल, विनोद मित्तल, आनन्द अग्रवाल, विजय गर्ग, कृष्ण गर्ग, राकेश बंसल, सुरेश जिंदल, राकेश गर्ग, मिठ्ठन गर्ग, अमित जैन, राकेश गर्ग, राजेश जैन आदि रहे।

### व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी अजय सिंघल को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में हरियाणा पुलिस न केवल अपराध नियंत्रण होगा, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग विशेषकर व्यापारियों और उद्यमियों को सुरक्षित और विश्वासपूर्ण माहौल प्रदान करेगी। डीजीपी अजय सिंघल ने भी कहा कि प्रदेश में व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हरियाणा पुलिस कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, संगठित अपराध पर सख्ती से कार्रवाई करने तथा व्यापारिक गतिविधियों को निर्भय वातावरण में संचालित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि व्यापार किसी भी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होता है और यदि व्यापारी सुरक्षित महसूस करेंगे, तभी निवेश, रोजगार और विकास को गति मिलेगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि वैश्य समाज सदैव राष्ट्र निर्माण, अर्थव्यवस्था और सामाजिक समरसता में अग्रणी भूमिका निभाता आया है और प्रशासन के साथ मिलकर समाजहित में सकारात्मक योगदान देने को तत्पर है।

**खबर संक्षेप**

### अनाज मंडी में होगा गणतंत्र दिवस समारोह

**शहजादपुर।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को अनाज मंडी नारायणगढ़ में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम शिवजीत भारती ने दी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर 22 जनवरी को अनाज मण्ड़ी में रिहर्सल आयोजित की जाएगी, जबकि 23 जनवरी को फाइनल रिहर्सल संपन्न होगी। समारोह के दौरान पुलिस तथा विभिन्न स्कूलों की एनसीसी टुकडिय़ों द्वारा परेड एवं मार्च पास्ट किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि समारोह में उपमंडल स्तर के विभिन्न विभागों के ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय कार्य किया हो।

### फोन स्नेचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मोबाइल फोन स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी लवप्रीत व हरनेक सिंह उर्फ हैप्पी को गिरफ्तार किया है। बब्याल के सागर कुमार ने 14 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एसडी विद्या स्कूल अंबाला छावनी के पास से आरोपी ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।


## जिले के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले 39 विद्यालय सम्मानित

# स्कूलों के मुखिया परिणाम की क्वांटिटी के साथ क्वॉलिटी पर भी फोकस करें : डीईओ

**खास बातें**

- समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने की
- कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा की विशेष भूमिका रही







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला शिक्षा सदन के सभागार में बुधवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की मार्च 2025 में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले जिले के 39 विद्यालयों के मुखियाओं एवं स्टाफ सदस्यों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने की। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि हम परीक्षा परिणामों को केवल संख्यात्मक उपलब्धि तक सीमित न रखते हुए उन्हें गुणात्मक रूप से भी उत्कृष्ट बनाएं। शत प्रतिशत परिणाम के साथ हमें यह भी देखना है कि हमारे कितने विद्यार्थियों ने जिले और राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अवधारणात्मक समझ और जीवन कौशल पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। कालड़ा ने सभी मुखियाओं के साथ शत-प्रतिशत परिणामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों द्वारा हासिल किए गए उच्च परिणामों के पीछे अपनाई गई सूझबूझ, रणनीतिक योजना, नियमित शैक्षणिक निगरानी तथा प्रतिबद्धता पर विशेष रूप से संवाद किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यों से अपेक्षा व्यक्त की कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में भी विद्यालय इसी प्रकार शत-प्रतिशत परिणाम की परंपरा को बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल परिणाम की क्वांटिटी ही नहीं बल्कि क्वॉलिटी पर भी विशेष बल दिया जाना आवश्यक है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी न केवल उत्तीर्ण हों बल्कि उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी आशा जताई कि आने वाले समय में अनेक विद्यार्थी 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी स्कूल मुखियाओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। और भविष्य में और बेहतर परिणामों के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करधान, शाहपुर, कलेरा, बलदेवनगर (कन्या) के मुखिया तथा राजकीय उच्च विद्यालय खानपुर के मुख्याध्यापक द्वारा अपनी-अपनी बेस्ट प्रेक्टिसेज सांझा की गई।

**सम्मान से शिक्षकों को मिलेगी प्रेरणा**

*समारोह में जिले की नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी बैशाकी डे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालय प्रमुखों को सम्मानित करने की पहल के लिए जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सम्मान न केवल उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का मनोबल बढ़ाता है, बल्कि अन्य शिक्षकों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा की विशेष भूमिका रही, इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सुशील अरोड़ा की सराहना की गई। समारोह का समापन सकारात्मक संदेश और भविष्य में शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ किया गया।*



बराड़ा। कैंप में भाग लेने वाली छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

## डिजिटल जागरुकता समय की मांग

# छात्राओं को दी जानकारी

- यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- गांव राजौली में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत में यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर सात दिवसीय सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें सभी स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने डिजिटल साक्षरता को समय की आवश्यकता बताते हुए छात्राओं से समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। इसके पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा ने एनएसएस कैंप के उद्देश्य, गतिविधियों तथा यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव राजौली में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं जागरूक समाज का संदेश दिया गया। इसके पश्चात गांव के गुरुद्वारे में पाठ का आयोजन किया गया।इसके उपरांत सभी एनएसएस स्वयंसेविकाओं एवं समन्वयकों द्वारा गुरुद्वारा परिसर में सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

नाटक के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्परिणामों तथा डिजिटल साक्षरता के महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्राएं कॉलेज परिसर में वापस लौटीं।

# फिलाडेल्फिया अस्पताल की ओर से जरुरतमंद लोगों को बांटे गए कंबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच फिलाडेल्फिया अस्पताल के स्टाफ ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक सप्ताह तक निरंतर सेवा अभियान चलाया। यह करुणामय पहल 5 से 13 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन रात 10 बजे से 1 बजे के बीच एम्बुलेंस के माध्यम से संपन्न हुई। इस दौरान अस्पताल की टीम गर्म कपड़ों और कंबलों के पैकेट लेकर कूड़ा बीनने वाले, भिखारियों तथा खुले आसमान के नीचे सो रहे जरूरतमंद लोगों तक पहुंची। लोगों से संवेदनशीलता, देखभाल और सम्मान के साथ मुलाक़ात कर उन्हें ठंड से राहत प्रदान की गई। यह संपूर्ण सेवा अभियान डॉ. सुनील सादिक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान में अमित कपूर, सुखदेव सिंहएवं विशाल ने भी अपना बहुमूल्य समय देकर सेवा भावना का परिचय दिया। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि अत्यधिक ठंड के इस दौर में समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक सहायता पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। भविष्य में भी ऐसे मानवीय सेवा कार्य जारी रहेंगे।

# कोहरे ने रोके बसों के पहिए, कड़ाके की ठंड से यात्री भी बेबस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी बस अड्डे पर इन दिनों यात्रियों की बेबसी देखी जा सकती है। कोहरे के चलते रोडवेज सहित अन्य डिपो की लंबे मार्ग की बसें अपने निर्धारित समय से दो से तीन घंटे की देरी से पहुंच रही हैं। हालात यह है कि यात्री ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं।

ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को हो रही है, जो सुबह जल्दी बस पकड़ने के लिए रात में ही बस अड्डे पर पहुंच जाते हैं और रातभर बसों का इंतजार करते हैं। कोहरे के कारण बसें कब आएंगी इसका यात्रियों को पता ही नहीं चल रहा। कोहरे में दृश्यता कम होने से चालक बसों को धीमी गति से चला रहे हैं। जिससे चंडीगढ़ से हिसार, सिरसा, नारनौल, भिवानी और जयपुर, दिल्ली से जयपुर, पटियाला अमृतसर, हरिद्वार, देहरादून की ओर जाने वाली लंबे मार्ग की बसें देरी से पहुंच रही हैं।



**शहजादपुर।** जलते कूड़े से सर्दी दूर करने का प्रयास करती गाय।

**इंसानों के साथ कड़ाके की ठंड से जानवर भी बेहद परेशान**

*शहजादपुर। लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड और कोहरे के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ठंड ने हर किसी को अपने लपेटे में लिया है। घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों को घरों में दुबक कर बैठने के लिए मजबूर कर दिया है।लोग आग जलाकर ठंड से अपने को बचाने की कोशिश रहे हैं। ठंड के प्रकोप से इंसान ही नहीं जानवर भी परेशान नजर आ रहे हैं। सभी ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलने पर आसपास घूमने वाले जानवर भी आग के पास खड़े हो जाते हैं। अलाव लोगों के साथ-साथ जानवरों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रहा है। पारा गिरने से न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे पहुंच गया है। इसकी वजह से इस समय कड़ाके की ठंड व गलन पूरे दिन बरकरार रहती है। धूप न निकलने से मानवीय गतिविधियों पर काफी असर पड़ा है। बुधवार को भी कड़ाके की ठंड से जनजीवन बेहाल रहा। कस्बा शहजादपुर के मुख्य बाजार में जहां एक तरफ दुकानदार आलाव जलककर ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे थेवहीं दूसरी ओर बेसहारा गोवंश भी सड़क पर जल रहे कचरे के नजदीक खड़े होकर ठंड से बचने की कोशिश में लगे रहे। इंसान तो अपनी तकलीफ बोलकर बता सकता है परंतु बेजुबान जानवर कैसे अपनी तकलीफ बताएं। यही कारण है कि जहां पर भी अलाव जलता है वह उसी के आसपास खड़े हो जाते हैं, जिससे उन्हें भी ठंड से राहत मिल सके। बस स्टेशन, प्रमुख चौराहों पर व लोगों द्वारा अपने घरों के सामने अलाव जलाने पर आसपास घूमने वाले जानवर आकर आग के पास खड़े हो जाते हैं। कड़ाके की ठंड में रात को आवारा मवेशी खुले आसमान से भागकर किसी मंदिर, दुकान, मकान की दीवारों व छज्जे के नीचे छुपते नजर आ रहे हैं। इतनी ठंडी रातों में इंसान तो अपने घर में रजाई में दुबक जाता है। लेकिन गली मोहल्लों व सड़कों पर बेसहारा घुमने वाले मवेशियों का क्या हाल होता होगा।*

# डीएवी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के छात्र गुरप्रीत सिंह और अभिषेक तिवारी की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** विभिन्न प्रतियोगिताओं में बाजी मारने वाले छात्र शिक्षकों के साथ।

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी-एड्स एड्स के बारे में जागरूकता हेतु विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता, एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मुख्य गतिविधियां रही। प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर आरएस परमार ने विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों और प्रोफेसर इंचार्ज का स्वागत किया। उन्होंने युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार अब भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। डॉक्टर परमार ने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने का आह्वाहन किया । उन्होंने कहा कि विवेकानंद का संदेश चरित्र निर्माण और लक्ष्य के प्रति बढ़ते रहने पर आधारित है जो समाज को नई दिशा दे सकता है।कार्यक्रम की संयोजिका और रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. गरिमा सुमरान ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को एचआईवी-एड्स जैसी भयानक बीमारी से बचाव और रोकथाम के लिए जानकारी सांझा करना है। डॉ. गरिमा सुमरान और डॉक्टर प्रियंका चौधरी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से विवेकानंद के जीवन पर आधारित और एचआईवी एड्स से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विभिन्न कॉलेजों से 40 विद्यार्थियों ने बड़े जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

**ये है मामला**

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला के छात्र गुरप्रीत सिंह और अभिषेक तिवारी की टीम ने प्रथम, सोहनलाल डीएवी कॉलेज के छात्र लवकेश और छात्रा सिमरन की टीम ने द्वितीय और डीएवी कॉलेज अंबाला शहर के छात्र अतिशय और छात्रा छवि की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पंडित चिरंजी लाल गवर्नमेंट कॉलेज करनाल के छात्र गौरव को प्रथम पुरस्कार, डीएवी कॉलेज अंबाला शहर की छात्रा अर्षिता को द्वितीय पुरस्कार, देव समाज कॉलेज अंबाला की छात्रा महकप्रीत को तृतीय पुरस्कार, डीएवी कॉलेज अंबाला की छात्रा अक्षिता शर्मा और गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला कैंट के छात्र मोहम्मद शोयब को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ । स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में देव समाज कॉलेज अंबाला शहर की छात्रा हर्षप्रीत कौर को प्रथम पुरस्कार, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला के छात्र मनीष कुमार को द्वितीय पुरस्कार, डीएवी कॉलेज अंबाला शहर की छात्रा पल्लवी चौधरी को तृतीय पुरस्कार और एमडीएसडी कॉलेज की छात्रा शिवानी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल डॉ. रेखा शर्मा, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, प्रोफेसर शांत कौशिक, प्रोफेसर महक अग्निहोत्री, प्रोफेसर अनिल, प्रोफेसर मनीष व अन्य मौजूद रहे।

# अंधविद्यालय के छात्रों को खाद्य सामग्री व जरुरत का सामान किया वितरित

_हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मानवाधिकार परिषद भारत द्वारा मानवता और करुणा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एसडी कॉलेज के समीप स्थित अंधविद्यालय में विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों ने बच्चों के साथ पर्व की खुशियां साझा कर समाज को सेवा और सहयोग का संदेश दिया। यह कार्यक्रम *राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती राजपूत* के मार्गदर्शन में, *राष्ट्रीय सचिव उमेश भार्गव के निर्देशानुसार तथा प्रदेश अध्यक्ष निकेश गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को कपड़े, खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग का आवश्यक सामान वितरित किया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के महत्व को समझने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के चेहरों पर झलकती खुशी ने पूरे वातावरण को भावनात्मक और सकारात्मक बना दिया।



**ये रहे उपस्थित**

इस सेवा कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सीमा सिंह, मीडिया कोऑर्डिनेटर जितेंद्र राणा, पूनम गोयल, बिजनेस सेल उपाध्यक्ष अकीरा महीराज, पूजा मित्तल, दीपक गुलाटी, मीतू कालरा, किरण शर्मा, प्रथम पुरी, सीमा मेहता, आशी उप्पल, सुरेश शर्मा, मोहित बक्शी, रमेश कटियाल, सुभाष मेहता, उमेश व्यास सहित मानवाधिकार परिषद भारत के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। मानवाधिकार परिषद भारत ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी समाज के वंचित, दिव्यांग एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए ऐसे जनसेवी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि हर व्यक्ति को सम्मान, अधिकार और सहयोग मिल सके।

# सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए तीन महीने विशेष अभियान

## 200 से ज्यादा मामले सामने आए, लगाई जाएगी वैक्सीन

**खास बातें**

- एचपीवी वैक्सीन के तीन माह के विशेष अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है।
- एचपीवी वैक्सीन विशेष रुप से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**एचवीपी वायरस क्या है**

*एचवीपी एक बहुत ही सामान्य वायरस है जो मुख्य रूप से त्वचा से त्वचा के संपर्क और यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। अब तक एचवीपी के 200 से अधिक प्रकार पहचाने जा चुके हैं। समय पर वैक्सीनेशन से इसे रोका जा सकता है। लक्षित आयु समूह 14 से 15 वर्ष की लड़कियां (प्राथमिक लक्ष्य समूह) डोज शेड्यूल 14-15 वर्ष के लिए 1 डोज दी जाती है।*

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमा वायरस) वैक्सीन के 3 माह के विशेष अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला चिकित्सा अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष की आयु की सभी पात्र बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन की 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना है।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. नीलम कुशवाहा ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही वैक्सीन के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग, कोल्ड चेन प्रबंधन, रिपोर्टिंग एवं मॉनिटरिंग सिस्टम, तथा सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए।

प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों को एचपीवी वैक्सीन की उपयोगिता, लक्षित आयु वर्ग, टीकाकरण की रणनीति, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं जागरूकता गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह वैक्सीन विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी है।


सिविल सर्जन डॉ राकेश सेहल ने बताया कि यह 3 माह का अभियान जिले में किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करेंगे, जिससे अधिकतम लाभार्थियों को टीकाकरण का लाभ मिल सकेगा।

## 17 वर्षों से चली आ रही परंपरा, दूरदराज से चर्म रोग से मुक्ति पाने के लिए हर साल पहुंचते हैं लोग

# आस्था की अनोखी परंपरा: माता बाला सुंदरी की पिंडी पर चढ़ाया 51 किलो मक्खन करेगा चर्म रोग दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

महामाई माता बाला सुंदरी मंदिर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवी मां बाला सुंदरी की दिव्य पिंडी पर 51 किलो शुद्ध मक्खन का लेप किया गया। श्रद्धा से किया गया यह लेप न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि वर्षों से चली आ रही एक ऐसी मान्यता से जुड़ा है। इसके चलते श्रद्धालु इसे चर्म रोगों से मुक्ति दिलाने वाली औषधि के रूप में ग्रहण करने मंदिर पहुंचते हैं। इसके उपरांत माता की दिव्य पिंडी पर लगाए गए मक्खन को औषधि के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। लोगों की गहरी आस्था है कि इस मक्खन रूपी औषधि के सेवन एवं लेप से त्वचा संबंधी रोगों में लाभ मिलता है।



**मुलाना।** पिंडी पर 51 किलो मक्खन का चढ़ाया। *फोटो : हरिभूमि*

**यह है पौराणिक मान्यता**

मंदिर के पुजारी पंडित चिरंजीवी ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार जब माता बाला सुंदरी भैरों के प्रहार से घायल हो गई थीं। तब मकर संक्रांति के दिन गर्भ जून में माता ने सात दिनों तक मक्खन का लेप किया था। इस लेप से माता के जख्म पूरी तरह ठीक हो गए थे। तभी से इस घटना की स्मृति में हर वर्ष मकर संक्रांति के दिन माता की दिव्य पिंडी पर मक्खन का लेप लगाने की परंपरा चली आ रही है। बाद में यही मक्खन श्रद्धालुओं को औषधि के रूप में वितरित किया जाता है। माता बाला सुंदरी मंदिर में किए गए इस विशेष लेप में 45 किलो मक्खन और 6 किलो मेवे का प्रयोग किया गया। मंदिर कमेटी के सचिव अशोक राणा ने बताया कि मक्खन रूपी लेप को औषधि के रूप में वितरित करने की परंपरा माता बृजेश्वरी मंदिर, कांगड़ा के बाद केवल माता बाला सुंदरी मंदिर में ही है। यह परंपरा पिछले 17 वर्षों से निरंतर चली आ रही है। उन्होंने बताया कि इस औषधि से अनेक श्रद्धालुओं को लाभ मिला है। इसी कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इसे प्राप्त करने मंदिर पहुंचते हैं। श्रद्धा, आस्था और विश्वास से जुड़ी यह परंपरा आज भी लोगों के मन में माता के प्रति अटूट विश्वास को मजबूत कर रही है, वहीं मुलाना का यह मंदिर क्षेत्र ही नहीं, दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।